कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 06.10.2024

विषय:- **थाना रामनगर पुलिस द्वारा 05 माह पूर्व पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण कर मुम्बई (महाराष्ट्र) से अपहृत महिला की बरामदगी करते हुए 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना/सर्विलांस के आधार पर दिनांक 04/10/2024 को मुम्बई जाकर बोइसर पुलिस स्टेशन जिला पालघर मुम्बई के सहयोग से समय 18.10 बजे बोइसर के शिव मन्दिर के पास से अपहृता/पीड़िता को बरामद किया गया तथा दिनांक 06/10/2024 को 05 माह से फरार 25 हजार के इनामिया अभियुक्त आफताब आलम पुत्र जावेद अहमद निवासी हालपता मच्छरहट्टा वार्ड थाना रामनगर वाराणसी स्थायी पता बरंगा, सैय्यदराजा थाना सैय्यदराजा जनपद चंदौली उम्र 23 वर्ष को टेंगरा मोड़ से अपराध का बोध कराकर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सम्बन्धित अभियोग- मु0अ0सं0- 0086/2024, धारा- 363/366 भादवि थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियोग का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 16/05/2024 को वादिनी मुकदमा ने लिखित तहरीर दिया कि उनकी लड़की दिनांक 16/05/2024 को समय 09.00 बजे अफताब अहमद पुत्र जावेद अहमद निवासी मच्छरहट्टा वार्ड थाना रामनगर वाराणसी बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वादिनी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-0086/2024 धारा 363/366 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 06.10.2024 गिरफ्तारी का स्थान- टेंगरा मोड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

नाम व पता अभियुक्तः-

1. आफताब आलम पुत्र जावेद अहमद निवासी हालपता मच्छरहट्टा वार्ड थाना रामनगर वाराणसी स्थायी पता बरंगा, सैय्यदराजा थाना सैय्यदराजा जनपद चंदौली उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अच्युतानन्द चतुर्वेदी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री ओम प्रकाश वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 अश्वनी सिंह सर्विलांस सेल वाराणसी।
5. का0 दिनेश यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सर्वेश कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी